जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/ सा0प्र0/1708/2022 दिनांक 29 जुलाई, 2022

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सूच्य है कि विश्वविद्यालयी परीक्षा से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असन्तुष्ट परीक्षार्थियों द्वारा जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आनलाईन उत्तरपुस्तिका की स्कैन प्रति प्राप्त करने तथा चुनौती मूल्यांकन **(Challenge Evaluation)** से सम्बन्धित अध्यादेश एतद्द्वारा पार्श्व में संलग्न है। उक्त व्यवस्था सत्र 2021–22 की माह जून 2022 में सम्पन्न मुख्य परीक्षा एवं माह जुलाई 2022 में सम्पन्न सम सेमेस्टर परीक्षा सहित आगामी समस्त परीक्षाओं पर प्रभावी होगी।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
04. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
05. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
06. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा तत्क्रम में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
07. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पता:–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोड:–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com

जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आनलाईन उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने तथा चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते

1. उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन (Evaluation) से असन्तुष्ट परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से 15 दिनों तक अपनी उत्तरपुस्तिका की स्कैन कापी जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत आनलाईन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं, जिसका शुल्क प्रति प्रश्नपत्र रु0–100/– मात्र विश्वविद्यालय के खाता संख्या– 50100098766416, IFSC CODE – HDFC0001885 में आनलाईन जमा किया जायेगा। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने हेतु आनलाईन RTI आवेदन किया जाना सम्भव नहीं होगा। आफलाईन RTI की व्यवस्था एतद्द्वारा समाप्त की जाती है। RTI द्वारा उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने के लिये विश्वविद्यालय वेबसाइट के **Student Corner Portal** में अवस्थित निम्न लिंक का प्रयोग किया जायेगा:–

   'Click For RTI Form Filling (View of Answer Book)'

2. R.T.I. आवेदन के उपरान्त परीक्षार्थियों को आनलाईन स्कैन उत्तरपुस्तिका उपलब्ध करायी जायेगी।

3. अपनी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन (Evaluation) से असन्तुष्ट अभ्यर्थी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन को चुनौती दे सकते है, जिसे चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) कहा जायेगा।
4. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिये परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के 30 दिन के अन्दर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं अर्थात RTI के माध्यम से उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने एवं Challenge Evaluation हेतु आवेदन की प्रक्रियाएँ सम्पादनार्थ कुल समयावधि परीक्षाफल प्रकाशन के 30 दिन तक ही मान्य होगी।
5. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) के लिये सभी पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी को रू0 2,500/– (दो हजार पाँच सौ) प्रति प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय के खाता संख्या – 50100098766416, IFSC CODE –HDFC0001885 में आनलाईन जमा करना होगा।
6. समस्त उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकित होने तथा उसमे दिये गये अंको एवं उनके योग में त्रुटि न होने के बावजूद अभ्यर्थी परीक्षक द्वारा किये गये मूल्यांकन से असन्तुष्ट है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन को चुनौती देने हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट के Student Corner Portal में अवस्थित "Click for Challenge Evaluation Form Filling" लिंक पर Click करें।
7. आवेदक को अपनी ई–मेल आई0डी0 अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी, जिसके माध्यम से अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी। आवेदक अपने ई–मेल आई0डी0 का निरन्तर अवलोकन सुनिश्चित करेंगे, क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा ई–मेल के माध्यम से ही आवेदक से सम्पर्क किया जायेगा।

चुनौती मूल्यांकन की प्रक्रिया

8. प्रत्येक प्रश्न पत्र के चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) हेतु माननीय कुलपति जी द्वारा सम्बन्धित विषयों के दो विषय विशेषज्ञ नामित किये जायेंगे।
9. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में दोनों परीक्षकों द्वारा दिये गये अंकों का औसत छात्रों के अंक पत्र में देय होगा।

चुनौती मूल्यांकन के प्राप्तांक सम्बन्धी गाईडलाइन

10. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में यदि मूल प्राप्तांक के 20 प्रतिशत या उससे कम का अन्तर पाया जाता है, तो जमा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
11. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) से यदि परीक्षार्थी के प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो रु0–1,000/– कटौती करके शेष धनराशि वापस कर दी जायेगी।
12. चुनौती मूल्यांकन (Challenge Evaluation) में प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक बदलाव होने की स्थिति में मूल मूल्यांकनकर्त्ता के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

टिप्पणीः– उक्त व्यवस्था सत्र 2021–22 की माह जून 2022 में सम्पन्न मुख्य परीक्षा एवं माह जुलाई 2022 में सम्पन्न सम सेमेस्टर परीक्षा सहित आगामी समस्त परीक्षाओं पर प्रभावी होगी।

कुलसचिव